# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस –21 फरवरी 2020

# मैट्स ने किया रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन




**दबंग रिपोर्टर » रायपुर**

मैट्स विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए मातृभाषा विषय पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

प्रतिवर्ष 21 फरवरी को मातृभाषा दिवस का आयोजन किया जाता है। 21 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवकाश की वजह से 22 फरवरी 2020 को यह दिवस मनाया गया। मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। विद्यार्थियों के लिए मातृभाषा विषय पर तात्कालिक भाषण, निबंध, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, हिन्दी डॉ. रेशमा अंसारी ने यूनेस्को द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाये जाने के उद्देश्य, महत्व एवं इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, उपकुलपति डॉ. दीपिका ढांढ, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा, उपकुलसचिव डॉ. संजय चौधरी सहित मैट्स परिवार ने शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

हरिभूमि

रायपुर - रायपुर भूमि

Date - 23 Feb'20

# मातृभाषा दिवस पर स्टूडेंट्स ने लिया रचनात्मक प्रतियोगिता में हिस्सा



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए मातृभाषा विषय पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी ने पूरे उत्साह से हिस्सा लिया था। यह कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया, जहां तात्कालिक भाषण, निबंध, चित्रकला व अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा प्रस्तुत की। मैट्स यूनिवर्सिटी के हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में हिंदी विभाग के डॉ. कमलेश गोगिया, डॉ. रमणी चंद्राकर, डॉ. सुनीता तिवारी, सुश्मिता मिश्रा, मधुबाला शुक्ला, मोनिका शर्मा के साथ अन्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# भाषण, निबंध और चित्रकला में छात्रों की दिखी रचनात्मकता



मैट्स विवि में मातृभाषा दिवस समारोह में मौजूद छात्र-छात्राएं और शिक्षक।

**रायपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** मैट्स विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए मातृभाषा विषय पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मैट्स युनिवर्सिटी के हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी ने बताया कि प्रति वर्ष 21 फरवरी को मातृभाषा दिवस का आयोजन किया जाता है। महाशिवरात्रि के अवकाश के कारण यह दिवस शनिवार को मनाया गया। इस अवसर पर मातृभाषा विषय पर तात्कालिक भाषण, निबंध, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डॉ. रेशमा अंसारी ने यूनेस्को द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाए जाने के उद्देश्य, महत्व एवं इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे विश्व में प्रति वर्ष मातृभाषा दिवस का आयोजन किया जाता है।

नवभारत Rajd
छत्तीसगढ़ • ओडिशा

# मैट्स विवि में मना अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

रायपुर. मैट्स विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया. इस दौरान विद्यार्थियों के लिए मातृभाषा विषय पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत किया. प्रतिवर्ष 21 फरवरी को मातृभाषा दिवस का आयोजन किया जाता है. इस तारीख को इस बार महाशिवरात्रि के अवकाश की वजह से 22 फरवरी को यह दिवस मनाया गया. मैट्स यूनिवर्सिटी के हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया. विद्यार्थियों के लिए मातृभाषा विषय पर तात्कालिक भाषण, निबंध, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया. इस अवसर पर डॉ. अंसारी ने यूनेस्को द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाये जाने के उद्देश्य, महत्व एवं इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे विश्व में प्रतिवर्ष मातृभाषा दिवस का आयोजन किया जाता है.

# मैट्स विश्वविद्यालय ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह



## हिन्दी विभाग ने किया रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन

**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए मातृभाषा विषय पर विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रतिवर्ष 21 फरवरी को मातृभाषा दिवस का आयोजन किया जाता है। 21 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवकाश की वजह से 22 फरवरी 2020 को यह दिवस मनाया गया।

मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। विद्यार्थियों के लिए मातृभाषा विषय पर तात्कालिक भाषण, निबंध, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, हिन्दी डॉ. रेशमा अंसारी ने यूनेस्को द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाये जाने के उद्देश्य, महत्व एवं इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विश्व में भाषाई एवँ सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे विश्व में प्रतिवर्ष मातृभाषा दिवस का आयोजन किया जाता है। समारोह में हिन्दी विभाग के प्राध्यापकों डॉ. कमलेश गोगिया, डॉ. रमणी चंद्राकर, डॉ. सुनीता तिवारी, सुश्मिता मिश्रा, मधुबाला शुक्ला, मोनिका शर्मा सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण एवं अनेक विद्यार्थी उपस्थित थे।